पाठ 17. प्रेरक प्रसंग (केवल पढ़ने के लिए)

पाठ की भूमिका

इस पाठ का उद्देश्य बच्चों में रचनात्मक विचार संबंधी कौशल विकसित करना है ताकि वे चीज़ों व घटनाओं को देखने और करने का अभिनव तरीका अपना सकें। महात्मा गांधी जी जैसे व्यक्ति जो कथनी और करनी, विचार और व्यवहार की एकता में विश्वास करते हों, बेहतर समाज के निर्माण में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। जीवन की सामान्य दिखने वाली घटनाओं में से झाँकती ऐसे युग-प्रवर्तक व्यक्तित्वों की विशिष्टता साधारण जन के चरित्र-निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

अध्यापन संकेत

बच्चों को मदर टेरेसा, महात्मा गांधी तथा बाबा आम्टे के बारे में जानकारी दें। यह रचना विद्यार्थियों के स्वयं अध्ययन के लिए है। अध्यापक बच्चों से इस पाठ को अपनी उपस्थिति में मौन-वाचन के साथ पढ़ने को कहें। यहाँ वाचन से अधिक महत्वपूर्ण है मनन व चिंतन। पाठ से संबंधित प्रश्न पूछे जा सकते हैं और बच्चों को उन प्रश्नों का मौखिक उत्तर बताने को कहा जा सकता है।